प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

18.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि विधायक क्षेत्र विकास निधि की एक करोड़ 10 लाख रुपए की शेष दो किस्तें 31 मार्च से पहले जारी कर दी जाएंगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के आज तीसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान इस मुद्दे पर विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे के बाद उन्होंने कहा कि सरकार विधायक ऐच्छिक निधि जारी करने पर भी विचार करेगी। इससे पूर्व, विधायक प्रकाश राणा के मूल प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी करने पर विपक्ष के नेताओं से जल्द ही चर्चा की जाएगी। उन्होंने विधायक प्रकाश राणा द्वारा विधायक क्षेत्र विकास निधि की अधिकांश राशि महिला मंडलों को जारी किए जाने पर आपत्ति जताई और कहा कि नियमों के तहत कुल राशि का केवल 10 फीसदी हिस्सा ही महिला मंडलों को जारी किया जा सकता है। इसके विपरीत प्रकाश राणा ने 5 सौ 43 महिला मंडलों को विधायक क्षेत्र विकास निधि बांट दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला मंडलों को यह राशि दी जा सकती है, लेकिन एक सीमा से अधिक नहीं। उन्होंने सलाह दी कि विधायक अपनी विधायक निधि को पूंजीगत कार्यों पर भी खर्च करे ताकि प्रदेश की जीएसडीपी में भी वृद्धि हो।

विधायक प्रकाश राणा ने प्रतिपूरक प्रश्न के माध्यम से सरकार पर विधायक क्षेत्र विकास निधि को लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब बजट में विधायक निधि का प्रावधान किया है तो वह क्यों नहीं मिल रही। इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि विधायक क्षेत्र विकास निधि की राशि विधानसभा द्वारा पारित बजट में शामिल है। उन्होंने पूछा कि क्या इस बजट को खत्म किया जा सकता है। जयराम ठाकुर ने सरकार से इस राशि को तुरंत जारी करने की भी मांग की और कहा कि विधायक इस निधि को अपने क्षेत्र के विकास पर ही खर्च कर रहे हैं, न कि व्यक्तिगत तौर पर। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान टूटे रास्तों और अन्य विकास कार्यों के लिए विधायकों ने कई घोषणाएं कर रखी हैं, क्या उसके लिए राशि जारी नहीं होनी चाहिए।

राज्यसभा चुनाव तारीख

चुनाव आयोग ने राज्यसभा चुनाव 2026 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव आयोग ने आज दस राज्यों की राज्यसभा की 37 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। राज्यसभा की ये सीटें अप्रैल 2026 में खाली होने वाली हैं। इनके लिए 16 मार्च को वोटिंग है और नतीजे भी उसी दिन आएंगे। हिमाचल में भी एक सीट के लिए चुनाव होने हैं। प्रदेश से राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का 9 अप्रैल को कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसके लिए 26 फरवरी को अधिसूचना जारी होगी और 5

मार्च तक नामांकन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 6 मार्च को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी जबकि 9 मार्च तक नाम वापिस लिए जा सकेंगे। इस चुनाव के लिए 16 मार्च को वोट डाले जाएंगे और इसी दिन मतगणना भी होगी। 20 मार्च से पहले चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी।

एमईआईटीवाई–एआई एक्सपो

केन्द्र सरकार ने इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो की अवधि एक दिन बढ़ाकर 21 फरवरी तक कर दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने बताया कि प्रदर्शकों, नवप्रवर्तकों और आगंतुकों से मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया के बाद यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि एक्सपो इस महीने की 20 और 21 तारीख को रात 8 बजे तक खुला रहेगा। सचिव ने बताया कि कल एक्सपो आम जनता के लिए बंद रहेगा।

धार्मिक पर्यटन

प्रदेश का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुल्लू–मनाली अपने सौंदर्य के लिए देश–विदेश में अहम स्थान रखता है और वर्षभर यहां पर पर्यटकों का तांता लगा रहता है। कुल्लू जिले की सोलंगनाला की स्की ढलानों में इन दिनों बर्फ व पानी के जम जाने से बना शिवलिंग पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और इस स्थान को अंजनी महादेव के नाम से भी जाना जाता है। अधिक जानकारी के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता।

कुल्लू जिला में सोलंगनाला की स्की ढलानों के साथ साथ बर्फ व पानी के जम जाने से बना शिवलिंग इन दिनों पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सोलंगनाला से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित इस स्थान को अंजनी महादेव के नाम से जाना जाता है जो अब धीरे–धीरे एक धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में उभर रहा है। इन दिनों बर्फ से बने इस शिवलिंग का भव्य आकार 20 फुट के लगभग है। आजकल यहाँ पहुंचने का रास्ता बर्फ से ढका हुआ है परंतु फिर भी ठंड के बावजूद भारी संख्या में पर्यटक व श्रद्धालु कठिन रास्ता तय कर इस शिवलिंग के दर्शनों को पहुंच रहे है। इस स्थान को बाबा प्रकाशपुरी ने वर्ष 1999 में खोजा था। उनके शिष्य के अनुसार इस स्थान पर माता अंजनी ने तपस्या की थी। पर्यटक इस स्थान पर शिवलिंग को देख चकित हो जाते हैं क्योंकि यह शिवलिंग अमरनाथ में बनने वाले शिवलिंग की याद दिलाता है। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।